भारत सरकार
विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय
विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 2912**
17 दिसंबर, 2025 को उत्तर देने के लिए

**राज्य विज्ञान और प्रौद्योगिकी परिषद**

**†2912. श्री मगुंटा श्रीनिवासुलू रेड्डीः**

क्या **विज्ञान और प्रौद्योगिकी** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी कार्यक्रम के अंतर्गत राज्य-वार विशेषकर आंध्र प्रदेश में सहायता प्राप्त राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी (एस एंड टी) परिषदों की कुल संख्या कितनी है;

(ख) इस कार्यक्रम के अन्तर्गत राज्यों को आवंटित और जारी की गई अनुदान राशि का योजना के प्रारम्भ से अब तक राज्य-वार और वर्ष-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) इस कार्यक्रम के अंतर्गत अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति प्रकोष्ठों की राज्य-वार संख्या कितनी है और आंध्र प्रदेश विशेषकर प्रकाशम जिले सहित जिला-वार संख्या कितनी है;

(घ) गत पांच वर्षों के दौरान उक्त कार्यक्रम के विद्यार्थी परियोजना कार्यक्रम के अन्तर्गत सहायता प्राप्त कुल विद्यार्थियों की राज्य-वार और वर्ष-वार संख्या कितनी है; और

(ङ) गत पांच वर्षों के दौरान इस योजना के अंतर्गत सहायता प्राप्त परियोजनाओं का राज्य-वार और वर्ष-वार ब्यौरा क्या है तथा कितनी वित्तीय सहायता स्वीकृत और वितरित की गई है?

**उत्तर**

**विज्ञान और प्रौद्योगिकी तथा पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)**
**(डॉ. जितेंद्र सिंह)**

(क) विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी), अपने राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी कार्यक्रम (एसएसटीपी) के अंतर्गत, राज्य/संघ राज्य क्षेत्रों की विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषदों के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी सचिवालयों को सहायता के माध्यम से केंद्र-राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी (एसएंडटी) सहयोग को बढ़ावा देता है। वर्तमान में डीएसटी से सहायता प्राप्त 27 राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषदों की सूची निम्नलिखित तालिका में दी गई है:

| क्र. सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र का नाम | विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद का नाम |
|---|---|---|
| 1. | आंध्र प्रदेश | आंध्र प्रदेश राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद |
| 2. | अरुणाचल प्रदेश | अरुणाचल प्रदेश राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद |
| 3. | असम | असम विज्ञान प्रौद्योगिकी एवं पर्यावरण परिषद |
| 4. | बिहार | बिहार राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद |
| 5. | छत्तीसगढ | छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद |
| 6. | गोवा | गोवा राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद |
| 7. | गुजरात | गुजरात विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद |
| 8. | हरियाणा | हरियाणा राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद |

| क्र. सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र का नाम | विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद का नाम |
|---|---|---|
| 9. | हिमाचल प्रदेश | राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी तथा पर्यावरण परिषद, हिमाचल प्रदेश |
| 10. | कर्नाटक | कर्नाटक राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद |
| 11. | केरल | केरल राज्य विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं पर्यावरण परिषद |
| 12. | महाराष्ट्र | राजीव गांधी विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी आयोग |
| 13. | मध्य प्रदेश | मध्य प्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद |
| 14. | मणिपुर | मणिपुर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद |
| 15. | मेघालय | राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी तथा पर्यावरण परिषद, मेघालय |
| 16. | मिजोरम | मिजोरम विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं नवाचार परिषद |
| 17. | नागालैंड | नागालैंड राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद |
| 18. | पंजाब | पंजाब राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद |
| 19. | राजस्थान | राजस्थान विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद |
| 20. | सिक्किम | सिक्किम राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद |
| 21. | तमिलनाडु | तमिलनाडु राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद |
| 22. | तेलंगाना | तेलंगाना राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद |
| 23. | त्रिपुरा | त्रिपुरा राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद |
| 24. | उत्तर प्रदेश | विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद, उत्तर प्रदेश |
| 25. | उत्तराखंड | उत्तराखंड राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद |
| 26. | पश्चिम बंगाल | पश्चिम बंगाल राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद |
| 27. | पुदुचेरी | पुदुचेरी विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद |

(ख) वित्तीय वर्ष 2016-17 से विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी सचिवालय को एसएसटीपी के अंतर्गत सहायता हेतु विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषदों को स्वीकृत एवं जारी की गई धनराशि का विवरण अनुलग्नक में दिया गया है।

(ग) विभाग ने अनुसूचित जाति (एससी)/अनुसूचित जनजाति (एसटी) समुदायों की आजीविका प्रणाली के व्यवस्थित प्रतिचित्रण, समता सशक्तिकरण और विकास के लिए विज्ञान (सीड) प्रभाग, डीएसटी की अनुसूचित जाति उप योजना/जनजातीय उप योजना के अंतर्गत 11 राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषदों में अनुसूचित जाति (एससी) /अनुसूचित जनजाति (एसटी) प्रकोष्ठ स्थापित किए हैं। आंध्र प्रदेश राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद में कोई एससी/एसटी प्रकोष्ठ नहीं है। सहायता प्राप्त अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति प्रकोष्ठों की सूची नीचे दी गई है:

1. कर्नाटक राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद
2. केरल राज्य विज्ञान प्रौद्योगिकी एवं पर्यावरण परिषद
3. पंजाब राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद
4. तमिलनाडु राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद
5. तेलंगाना राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद
6. पश्चिम बंगाल राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद

7. त्रिपुरा राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद
8. अरुणाचल प्रदेश राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद
9. मिजोरम विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं नवाचार परिषद
10. सिक्किम राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद
11. उत्तराखंड राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद

(घ) से (ङ): गत पांच वर्षों के दौरान, छात्र परियोजना कार्यक्रम के कार्यान्वयन हेतु एसएसटीपी के अंतर्गत कर्नाटक राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद को 41.90 लाख रुपये की राशि (वित्तीय वर्ष 2022-23) जारी की गई। इस अवधि (2020-21 से 2024-25) के दौरान, कर्नाटक में 26,038 छात्रों को सहायता प्रदान की गई, जिसका वितरण इस प्रकार है: 2020-21 में 4,413, 2021-22 में 4,515, 2022-23 में 5,519, 2023-24 में 5,453 और 2024-25 में 6,138 ।

<u>अनुलग्नक</u>

**विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी सचिवालय को सहायता प्रदान करने हेतु विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषदों को स्वीकृत एवं जारी की गई राशि**

**(लाख रुपए में)**

| क्र. सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र का नाम | वित्तीय वर्ष 2016-17 | वित्तीय वर्ष 2017-18 | वित्तीय वर्ष 2018-19 | वित्तीय वर्ष 2019-20 | वित्तीय वर्ष 2020-21 | वित्तीय वर्ष 2021-22 | वित्तीय वर्ष 2022-23 | वित्तीय वर्ष 2023-24 | वित्तीय वर्ष 2024-25 | कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अरुणाचल प्रदेश राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद | 184.96 | 126.76 | 139.44 | 102.51 | 102.51 | 108.51 | 106.51 | 105.01 | शून्य | 976.21 |
| 2 | असम विज्ञान प्रौद्योगिकी एवं पर्यावरण परिषद | 200.92 | 152.72 | 116.65 | 183.35 | 183.35 | 183.35 | 139.26 | 139.76 | शून्य | 1,299.36 |
| 3 | आंध्र प्रदेश राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद | शून्य | 43.55 | 47.91 | 49.03 | 37.44 | शून्य | 48.93 | 52.43 | शून्य | 279.29 |
| 4 | बिहार विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद | 43.00 | 42.00 | 33.13 | 51.82 | शून्य | 5.18 | 30.09 | 28.09 | शून्य | 233.31 |
| 5 | छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद | 134.22 | 106.02 | 111.80 | 122.11 | 121.12 | 123.12 | 127.12 | 125.59 | 157.20 | 1,128.30 |
| 6 | गोवा राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद | 76.84 | 69.64 | 59.54 | 84.65 | 82.65 | 84.65 | 88.65 | 87.15 | शून्य | 633.77 |
| 7 | गुजरात विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद | 125.20 | 67.00 | 72.67 | 81.52 | 81.52 | 81.52 | 87.52 | 84.02 | 106.90 | 787.87 |
| 8 | हरियाणा राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद | 56.53 | 34.27 | 23.41 | 35.72 | 23.49 | 27.15 | 28.72 | शून्य | शून्य | 229.29 |
| 9 | हिमाचल प्रदेश राज्य विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं पर्यावरण परिषद | 165.12 | 104.72 | 99.77 | 118.73 | 117.54 | 34.01 | 91.49 | 90.5 | शून्य | 821.88 |
| 10 | कर्नाटक राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद | 185.20 | 127.00 | 138.09 | 150.80 | 152.8 | 150.8 | 156.8 | 155.3 | 193.50 | 1,410.29 |
| 11 | केरल राज्य विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं पर्यावरण परिषद | शून्य | 188.00 | 191.69 | 97.67 | 108.12 | 106.72 | 116.12 | 112.41 | शून्य | 920.73 |

| क्र. सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र का नाम | वित्तीय वर्ष 2016-17 | वित्तीय वर्ष 2017-18 | वित्तीय वर्ष 2018-19 | वित्तीय वर्ष 2019-20 | वित्तीय वर्ष 2020-21 | वित्तीय वर्ष 2021-22 | वित्तीय वर्ष 2022-23 | वित्तीय वर्ष 2023-24 | वित्तीय वर्ष 2024-25 | कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 12 | राजीव गांधी विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी आयोग, महाराष्ट्र | 94.80 | 37.80 | 1.00 | 45.80 | 35.00 | 45.00 | 49.00 | 43.05 | शून्य | 351.45 |
| 13 | मध्य प्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद, मध्य प्रदेश | 208.55 | 150.35 | 165.39 | 180.54 | 180.54 | 178.54 | 184.54 | 183.04 | शून्य | 1,431.49 |
| 14 | मणिपुर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद | 145.94 | 111.14 | 106.21 | 137.52 | 135.52 | 137.52 | 141.4 | 140.02 | 176.90 | 1,232.17 |
| 15 | राज्य विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं पर्यावरण परिषद, मेघालय | 53.80 | 32.72 | 10.16 | 40.64 | 30.24 | 30.67 | 36.39 | 34.89 | शून्य | 269.51 |
| 16 | मिजोरम विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं नवाचार परिषद | 115.20 | 83.00 | 91.30 | 100.52 | 100.52 | 100.52 | 104.52 | 86.56 | 115.34 | 897.48 |
| 17 | नागालैंड विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद | 136.20 | 77.97 | 85.71 | 94.58 | 94.58 | 94.58 | 98.58 | 97.08 | शून्य | 779.28 |
| 18 | पंजाब राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद | 233.76 | 150.56 | 194.22 | 165.60 | 163.6 | 141.96 | 169.6 | 168.1 | शून्य | 1,387.40 |
| 19 | राजस्थान विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद | 156.00 | 156.00 | 171.60 | 187.25 | 137.04 | शून्य | शून्य | 185.25 | शून्य | 993.14 |
| 20 | सिक्किम राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद | 135.80 | 86.46 | 47.69 | 104.63 | 78.24 | 82.76 | 88.76 | 87.21 | शून्य | 711.55 |
| 21 | तमिलनाडु राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद | 136.88 | 104.72 | 115.19 | 69.03 | 72.87 | 88 | 94 | 92.5 | 106.24 | 879.43 |
| 22 | तेलंगाना राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद | 131.20 | 31.45 | 21.18 | 39.28 | शून्य | शून्य | 11.32 | 4.5 | 57.14 | 296.07 |
| 23 | त्रिपुरा राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद | 63.00 | 62.00 | 67.20 | 75.58 | 73.58 | 75.58 | 79.38 | 82.08 | शून्य | 578.40 |

| क्र. सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र का नाम | वित्तीय वर्ष 2016-17 | वित्तीय वर्ष 2017-18 | वित्तीय वर्ष 2018-19 | वित्तीय वर्ष 2019-20 | वित्तीय वर्ष 2020-21 | वित्तीय वर्ष 2021-22 | वित्तीय वर्ष 2022-23 | वित्तीय वर्ष 2023-24 | वित्तीय वर्ष 2024-25 | कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 24 | विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद, उत्तर प्रदेश | 150.20 | शून्य | 165.22 | 130.36 | 44.28 | 87.27 | 90.26 | 90.76 | शून्य | 758.35 |
| 25 | उत्तराखंड राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद | 147.80 | 95.00 | 104.50 | 114.77 | 112.78 | 104.15 | 118.78 | 116.68 | शून्य | 914.46 |
| 26 | पश्चिम बंगाल राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद | 90.20 | 32.00 | 0.00 | 39.94 | शून्य | 13.2 | 23.96 | 21.3 | शून्य | 220.6 |
| 27 | पुदुचेरी राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद | 21.67 | 11.50 | 9.85 | 25.92 | 23.92 | 23.2 | 24.37 | शून्य | शून्य | 140.43 |
| 28 | अंडमान और निकोबार विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद | 55.40 | 20.20 | 22.22 | 12.88 | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य | 110.7 |
| **कुल योग** | | **3248.39** | **2304.55** | **2412.74** | **2642.75** | **2293.25** | **2107.96** | **2336.07** | **2413.28** | **913.22** | **20672.21** |

*****